श्यामजी कृष्ण वर्मा की 95वीं जयंती

स्रोत: पी.आई.बी

क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी, श्यामजी कृष्ण वर्मा की 95वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

- श्यामजी कृष्ण वर्मा एक भारतीय क्रांतिकारी, देशभक्त, वकील और पत्रकार थे जिनका जन्म **4 अक्टूबर 1857 को** मांडवी, गुजरात में हुआ था।
- **श्यामजी कृष्ण वर्मा ने बाल गंगाधर तिलक, स्वामी दयानंद सरस्वती और हर्बर्ट स्पेंसर** जैसी हस्तियों से प्रेरणा ली।
- लंदन में उन्होंने **वर्ष 1905 में इंडियन होम रूल सोसाइटी, इंडिया हाउस और द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट** (एक मासिक पत्रिका) की शुरुआत की, जिनका उद्देश्य युवा भारतीयों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने हेतु प्रेरित करना था।
  - उन्होंने **राष्ट्रवादी विचारों के लिये एक मंच के रूप में कार्य करते हुए** होम रूल सोसाइटी के माध्यम से औपनिवेशिक शासन की आलोचना की।
- **वह बॉम्बे आर्य समाज** के प्रथम अध्यक्ष थे और उनका प्रभाव वीर सावरकर **पर** पड़ा था।
- ब्रिटिश आलोचना की प्रतिक्रिया में यह इंग्लैंड से पेरिस चले गए और तत्पश्चात प्रथम विश्व युद्ध **के दौरान जिनेवा में बस गए,** जहाँ **30 मार्च 1930 को इनकी मृत्यु हो गई।**

//